Parents Teachers Meet and TCS campus placement

दैनिक भास्कर | शिक्षा | रांची, गुरुवार 25 फरवरी, 2016 | 6

इक्फाई विवि के बीसीए विभाग में प्लेसमेंट इंटरव्यू

रांची | इक्फाई यूनिवर्सिटी के बीसीए डिपार्टमेंट में बुधवार को टीसीएस कंपनी की ओर से प्लेसमेंट इंटरव्यू का आयोजन किया गया। इसमें ऋषि राज के चयन की घोषणा कर दी गई, जबकि अन्य चयनित छात्रों की लिस्ट बाद में जारी की जाएगी। यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से बताया गया कि वर्ष 2013-16 के छात्रों को देश के प्रतिष्ठित कंपनियों में इंटर्नशिप के लिए भेजा गया है।

बुधवार, 24 फरवरी 2016
हिन्दुस्तान 18

अभिभावक मोबाइल पर देखेंगे बच्चे की प्रगति

इक्फाई विश्वविद्यालय में मंगलवार को टॉपरों को सम्मानित किया गया।

रांची | प्रमुख संवाददाता

इक्फाई विवि में अपने बच्चों को पढ़ानेवाले अभिभावक उनकी प्रगति मोबाइल पर देख सकते हैं। इसके लिए पोर्टल लॉन्च किया गया है। उन्हें परीक्षाफल और विश्वविद्यालय संबंधित हर तरह की सूचना मिलेगी। मंगलवार को यहां शिक्षक-अभिभावक मिलन समारोह हुआ। वीसी प्रो ओआरएस राव ने कहा कि इसका मकसद अभिभावकों से सीधा संवाद स्थापित करना है। यहां सभी कोर्स के टॉपरों को पदक और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर एमपी सिन्हा, डॉ बीएम सिंह सहित बड़ी संख्या मे अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

गुरुवार, 25 फरवरी 2016
हिन्दुस्तान 22

इक्फाई के छात्र का कैंपस सलेक्शन

रांची। इक्फाई विवि के छात्र (बीसीए) त्रिशिष रात का सलेक्शन टीसीएस कंपनी में हुआ है। कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा है कि सत्र 2013-16 के बीसीए छात्रों को विभिन्न कंपनियों में इंटर्नशिप के लिए भेजा गया है।

प्रभात खबर

लाइफ@रांची रांची, बुधवार 24.02.2016 23

इक्फाइ विश्वद्यालय में सम्मानित किये गये टॉपर

टॉपरों को कुलपति प्रो ओआरएस राव ने किया सम्मानित.

लाइफ रिपोर्टर@रांची

इक्फाइ विवि में मंगलवार को शिक्षक व अभिभावक मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस मौके पर कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों के साथ विवि के विकास में सहयोग लेना है. इसके लिए संवाद स्थापित करना है. कुलपति ने विवि के कार्य, उद्देश्य व प्रगति की जानकारी दी. इस अवसर पर बेव पोर्टल का उदघाटन किया गया. इसे अभिभावक व विद्यार्थी अपने मोबाइल में भी देख सकते हैं. इसमें परीक्षा संबंधी, प्रशासनिक आदेश-निर्देश, एकेडमिक जानकारी मिलेगी. कार्यक्रम में सभी कोर्स के टॉपर को पदक व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया. एमपी सिन्हा ने कहा कि वे वर्ष 2003 से ही इस तरह के आयोजन में हिस्सा ले रहे हैं. धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ बीएम सिंह ने किया.